राशन कार्ड व अन्य समस्याओं के समाधान को डीएसओ से मिलते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न संगठनों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर किसान विरोधी बिल के खिलाफ वामपंथी दलों के साथ ही विभिन्न संगठनों ने समर्थन देते हुए राजधानी के गांधी पार्क के बाहर केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन कर धरना दिया और इस बिल को तत्काल वापस लिये जाने की मांग केन्द्र सरकार से की गई। इस अवसर पर कहा गया कि शीघ्र ही बिल वापस न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। विभिन्न संगठनों से जड़े हुए कार्यकर्ता गांधी पार्क में इकट्ठा हुए और वहां पर केन्द्र सरकार द्वारा पारित किये गये कृषि बिल का जमकर विरोध किया गया और केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

### विधानसभा अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का किया भावपूर्ण स्मरण

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद प्रेमचंद अग्रवाल जी ने आज देहरादून स्थित अपने शासकीय आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने आज देहरादून स्थित अपने शासकीय आवास में होम क्वॉरेंटाइन है और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर वह स्वयं को रोक नहीं पाए उन्होंने चित्र मंगवाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि भारतीय जन संघ के अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जीवन पर्यत राष्ट्रीय चिंतन को महत्व दिया।

### अल्पसंख्यक मोर्चा अंबेडकर नगर मंडल ने याद किया उपाध्याय को

**संवाददाता** देहरादून। कष्ट मय बचपन और मेधावी छात्र जीवन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 104 वे जन्म दिवस पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने अंबेडकर नगर मंडल 6 ाामावाला वार्ड 26 में रईस अंसारी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 104 वे जन्मदिवस पर उनको माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर के उपाध्याय की जीवन पर प्रकाश डाला।

### सरकार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश जोशी ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में किसानों की आय में बढ़ोतरी उनकी खुशहाली को हरित क्रांति जैसे कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है जिसे सहन नहीं किया जायेगा।

# पंडित जी के जीवन दर्शन एवं चिन्तन को सबने सराहा

**श्रद्धासुमन**

■मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पंडित दीनदयाल की जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने तहसील चौक, देहरादून स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में पंडित दीनदयाल जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अपने आवास में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी' की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद मंत्र और समाज सेवा जैसी प्रगतिशील



विचारधारा दी। पं. दीनदयाल उपाध्याय का राजनीतिक दर्शन भारतीय चिंतन पर आधारित था। उनका मानना था कि देश तभी खुशहाल व समृद्ध हो सकता है, जब समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े गरीबों का उत्थान हो। गरीबों के कल्याण के लिए वे निरन्तर प्रयासरत रहे। केन्द्र व राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा दिये गये जीवन दर्शन का अनुसरण करते हुए समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं, उनके जीवन दर्शन एवं चिन्तन को सबने सराहा।

**मोदी की सरकार किसानों की सबसे बड़ी हितैषी सरकार है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार किसानों की सबसे बड़ी हितैषी सरकार है। संसद में सरकार द्वारा पारित कराए गए कृषि विधेयकों से किसानों की दशा और दिशा में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। इन विधेयकों में ऐसी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे किसान स्वयं अपनी उपज को अच्छी कीमतों पर मंडी में या मंडी के बाहर कहीं भी बेच सकेगा। मोदी जी हमेशा से किसानों के हितैषी रहे हैं। वे जब गुजरात के सीएम थे तो उन्होंने वहां किसानों के लिए 7 घंटे नियमित और निश्चित बिजली की व्यवस्था की। उन्होंने कृषि महोत्सवों की शुरुआत की।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत, विधायक हरवंश कपूर, खजानदास, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला, विनय गोयल, अनिल गोयल, पुनीत मित्तल आदि उपस्थित थे।

## गांव, गरीब और किसानों का सबसे पहले ख्याल रखा गया

प्रधानमंत्री बनने के बाद भी किसान हमेशा उनकी प्राथमिकताओं में रहे। उनकी सरकार में गांव, गरीब और किसानों का सबसे पहले ख्याल रखा गया है। वर्ष 2009 में यूपीए की सरकार में कृषि मंत्रालय का बजट केवल 12 हजार करोड़ रूपए था जो आज कई गुना बढ़ाकर 1 लाख 34 हजार करोड़ किया गया है। पहले कभी भी केंद्र सरकार एक साल में 75 हजार करोड़ रूपए किसानों के हित में खर्च नहीं कर पाई थी। लेकिन मोदी सरकार ने यह मुमकिन कर दिया। पीएम किसान योजना से अब तक 92 हजार करोड़ रूपए सीधे डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में पहुंच चुके हैं। मोदी सरकार ने कृषि अवसंरचना के लिए 1 लाख करोड़ के पैकेज की घोषणा की है। यूपीए के समय किसानों को 8 लाख करोड़ का कर्ज मिलता था, आज 15 लाख करोड़ का ऋण सालाना दिया जा रहा है।

# ई–ऑफिस के क्षेत्र में गति लाने के लिए सभी विभागों को निर्देश

**समीक्षा**

■ ई–ऑफिस के माध्यम से पत्रावलियों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने शुक्रवार को सचिवालय में ई–ऑफिस के माध्यम से पत्रावलियों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि ई–ऑफिस के माध्यम से कार्य करने में पारदर्शिता, पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण, पेपरलेस तथा सुगम कार्यप्रणाली, प्रभावी पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण, पत्रावलियों को लम्बित रखने की प्रवृत्ति को समाप्त करने में मदद



मिलेगी। इसके साथ ही कोविड–19 के संकट को देखते हुए यह अत्यन्त उपयोगी एवं लाभकारी है, इससे कोविड–19 से बचाव काफी हद तक सम्भव है।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग ई–ऑफिस में आ रही समस्याओं से सचिवालय प्रशासन विभाग, राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, आईटीडीए को अवगत करा दें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इसके लिए एक ट्रेनिंग मैनुअल की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने ई–ऑफिस के क्षेत्र में गति लाने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने आई.टी. विभाग एवं शहरी विकास विभाग द्वारा ई–ऑफिस के क्षेत्र में अच्छी प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्य सचिव ने एन.आई.सी एवं आई.टी विभाग को डाटा सिक्योरिटी की व्यवस्था करते हुए अगले 20 दिनों में सिक्योरिटी ऑडिट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी ऑडिट, भारत सरकार में सूचीबद्ध एजेंसी के माध्यम से ही करवाया जाए। उन्होंने सभी फाइलों के बैकअप सुरक्षित रखने के लिए भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ई–ऑफिस को सुचारु रूप से चलाने के लिए लेन सुदृढ़ीकरण का कार्य के साथ ही अधिकारियों की एनआईसी मेल आईडी एवं मास्टर डाटा कलेक्शन का कार्य कर लिया गया है।

## राशन कार्ड व अन्य समस्याओं के समाधान को मिले डीएसओ से

**संवाददाता** देहरादून। राशन कार्ड एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कके एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय में मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी ने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव मनीष नागपाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और वहां पर उन्हें ज्ञापन दिया और समस्याओं के समाधान की मांग की। इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया कि राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत बीपीएल कार्ड धारकों को गेहूं चावल क्रमशः पांच व छह रूपये किलों के हिसाब से दिया जाना चाहिए व इसकी मात्रा भी पांच किलो व ढाई किलों से बढाकर 15 से 15 किलों प्रति कार्ड की जानी चाहिए।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०– 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।